मुंबई(महाराष्ट्र) से प्रकाशित
हिन्दी दैनिक

# उत्तरशक्ति

हर खबर निष्पक्षता के साथ

मुंबई
वर्ष: 7 अंक 168
गुरुवार, 02 जनवरी 2025
मूल्य 3 रुपए, पृष्ठ-6
RNI NO. MAHHIN/2018/76092
email ID- uttarshaktinews@gmail.com
www.uttarshakti.co.in

## महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़ सीमा पर पुल का सीएम फडणवीस ने किया उद्घाटन

### कहा- 75 साल के बाद यहां के लोगों को राज्य परिवहन की बस देखने को मिलेगी




**मुंबई, 01 जनवरी।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़ सीमा पर ताड़गुड़ा में पुल का उद्घाटन किया और गट्टा से वांगेतुरी तक बस सेवा की शुरूआत की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों के साथ राज्य परिवहन की बस में यात्रा की। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि गढ़चिरौली का यह इलाका, जहां हम खड़े हैं, वहां पहले सड़क भी नहीं थी और माओवादियों का यहां पूरा दबदबा था।

फडणवीस ने कहा कि आज उस दबदबे को खत्म करते हुए हमने यहां 2 बड़ी चौकियां बनाई हैं और छत्तीसगढ़ से सीधे जुड़ने वाली सड़क और पुल का निर्माण किया है। 75 साल के बाद यहां के लोगों को राज्य परिवहन की बस देखने को मिलेगी, इसलिए मैं मानता हूं कि यह बहुत महत्वपूर्ण दिन है। हमने कहा था कि गढ़चिरौली महाराष्ट्र का आखिरी जिला नहीं होगा, यह महाराष्ट्र का पहला जिला होगा और हमने इसकी शुरूआत कर दी है।

इससे पहले फडणवीस ने सरपंच संतोष देशमुख की हत्या के मामले में चेतावनी देते हुए कहा कि किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। फडणवीस ने यहां पत्रकारों से बातचीत में कहा कि उन्होंने देशमुख के भाई से टेलीफोन पर बात की और उन्हें आश्वासन दिया कि मामले में न्याय होगा।

पुलिस ने बताया कि बीड के मासाजोग गांव के सरपंच संतोष देशमुख का नौ दिसंबर को अपहरण कर हत्या कर दी गई थी। सरपंच की हत्या कथित तौर पर इसलिए की गई क्योंकि उन्होंने कुछ लोगों द्वारा बीड जिले में एक पवन ऊर्जा कंपनी से जबरन वसूली किए जाने की कोशिश का विरोध किया था।

## केजरीवाल को दिन-रात गाली देना भाजपा का काम, सुधांशु त्रिवेदी पर आप का पलटवार

**नई दिल्ली, 01 जनवरी।** भाजपा ने बुधवार को आम आदमी पार्टी (आप) और उसके प्रमुख अरविंद केजरीवाल पर अपना हमला तेज करते हुए उन पर दिल्ली के लोगों से किए गए वादों को पूरा करने में विफल रहने का आरोप लगाया। हालांकि, इसको लेकर आम आदमी पार्टी की ओर से पलटवार किया गया है। आप की राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने कहा कि क्या सुधांशु त्रिवेदी ने कानून व्यवस्था को लेकर कोई सवाल उठाया? उनमें अमित शाह से बात करने और उनसे यह पूछने की हिम्मत नहीं है कि पिछले 2-2.5 वर्षों में दिल्ली में कानून व्यवस्था की स्थिति क्यों खराब हो गई।




आप प्रवक्ता ने सवाल करते हुए कहा कि अरविंद केजरीवाल को गाली देने का क्या मतलब है? दिन-रात वे (भाजपा) केजरीवाल को मौखिक रूप से गाली देते रहते हैं। बीजेपी सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर आरोप लगाया था कि केजरीवाल ने बिजली दरें कम करने, स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने, शिक्षा प्रणाली में सुधार करने, स्वास्थ्य सेवा बढ़ाने, स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित करने, लैंडफिल को हटाने। महिला सुरक्षा को प्राथमिकता देने, झुग्गीवासियों के लिए आवास की पेशकश करने और यमुना को साफ करने का वादा किया था। हालाँकि, इनमें से कोई भी वादा पूरा नहीं हुआ है। बीजेपी नेता ने कहा, "उन्होंने असुरक्षित बिजली के तारों से राहत देने का वादा किया था. उनके कार्यकाल के 10 साल बाद स्थिति ऐसी है कि 23 जुलाई 2024 को 26 वर्षीय एक युवक की इन बिजली के तारों की चपेट में आने से मौत हो गई...उन्होंने वादा किया था कि वह हालांकि, बताया जा रहा है कि दिल्ली में कूड़े के ढेरों की ऊंचाई 8 मीटर तक बढ़ गई है। आप सांसद स्वाति मालीवाल पर कथित हमले का जिक्र करते हुए त्रिवेदी ने कहा, "केजरीवाल ने शहर में महिलाओं की सुरक्षा का वादा किया था, और मुख्यमंत्री के आवास के अंदर एक सांसद पर हमला किया गया, जो देश में अपनी तरह की पहली घटना है।

## गुजरात के बनासकांठा में टैंकर और लग्जरी बस की टक्कर, 3 की मौत, 20 घायल



**बनासकांठा, 01 जनवरी।** गुजरात के बनासकांठा जिले में देर रात एक लग्जरी बस और टैंकर के बीच आमने-सामने की टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गई और 20 अन्य घायल हो गए। यह घटना भारत माला राजमार्ग पर हुई जब गलत दिशा में चल रहा एक टैंकर जामनगर से राजस्थान जा रही एक लक्जरी बस से टकरा गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि लग्जरी बस पलट गई. 108 एम्बुलेंस सेवा सहित आपातकालीन सेवाओं ने घायलों को इलाज के लिए भाचर, थराद और आसपास के इलाकों के सरकारी और निजी अस्पतालों में पहुंचाया। मृतकों को पोस्टमॉर्टम के लिए सुइगाम सरकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ट्रांसफर कर दिया गया। घटना की जानकारी मिलने पर सुइगाम, भाभर और वाव थराद पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को इलाज के लिए ले जाने की पूरी कोशिश की। हादसा इतना भयानक था कि लग्जरी बस पूरी तरह से नष्ट हो गई। इससे पहले गुजरात के भरूच जिले में स्थित एक रासायनिक संयंत्र में गैस रिसाव से चार श्रमिकों की मौत हो गई थी। संयंत्र के प्रबंधन ने कहा था कि चारों का तत्काल उपचार किया गया, लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका। कंपनी ने प्रत्येक पीड़ित के स्वजन को 30 लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है।

## साल के पहले दिन मणिपुर में फिर हुई हिंसा, उग्रवादियों ने की फायरिंग, बम भी फेंके

**मणिपुर, 01 जनवरी।** नए साल के जश्न के बीच, मणिपुर के इम्फाल पश्चिम जिले के कडांगबंद इलाके में 1 जनवरी की सुबह एक ताजा हमला हुआ। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि कांगपोकपी जिले में अपने पहाड़ी ठिकानों से संदिग्ध उग्रवादियों ने देर रात एक बजे के आसपास इम्फाल पश्चिम जिले के निचले इलाके कादंगबंद इलाके में अत्याधुनिक हथियारों से कई राउंड गोलीबारी की और बम फेंके। क्षेत्र में तैनात ग्रामीण स्वयंसेवकों ने जवाबी कार्रवाई की, हालांकि स्थिति को नियंत्रित करने के लिए अतिरिक्त सुरक्षा बलों को क्षेत्र में भेजा गया। पुलिस ने बताया कि गोलीबारी में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है।



अधिकारी ने आगे बताया कि हमले के कारण कच्चे घरों में रहने वाले कई ग्रामीणों को सुरक्षित स्थानों पर भागने के लिए मजबूर होना पड़ा। मई 2023 में राज्य में हिंसा भड़कने के बाद से कडांगबंद क्षेत्र में संदिग्ध आतंकवादियों द्वारा कई हमले देखे गए हैं। मणिपुर के बिष्णुपुर और थौबल जिलों में तलाशी अभियान के दौरान सुरक्षा बलों ने भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक बरामद किए।

बयान में कहा गया है कि सुरक्षा बलों ने मंगलवार को बिष्णुपुर जिले के थोंगखोंगलोक गांव से एक एसएलआर और एक मैगजीन, 303 राइफल, 12 बोर की सिंगल बैरल पिस्तौल, नौ एमएम की पिस्तौल और मैगजीन, दो इंसास एलएमजी मैगजीन, दो इंसास राइफल मैगजीन, चार हथगोले, एक डेटोनेटर, गोला-बारूद और अन्य सामग्री जब्त की। सुरक्षा बलों ने थौबल जिले के लीशांगथेम इकोप पाट इलाके से दो सिंगल बोल्ट एक्शन राइफल, 9 एमएम की तीन पिस्तौल (देसी), एक हथगोला, चार एमके-13टी और गोलाबारूद जब्त किया। इस बीच, पुलिस ने जबरन वसूली में शामिल प्रतिबंधित संगठन कांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी (पीपुल्स वार ग्रुप) के एक सदस्य को मंगलवार को इंफाल पूर्वी जिले में मंत्रिपुखरी बाजार से गिरफ्तार किया।

## नए साल में स्वर्णिम झारखंड बनाने का संकल्प लें: हेमंत सोरेन



**रांची, 01 जनवरी।** वर्ष 2025 के पहले दिन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने लोगों की आकांक्षाओं को साकार करने के लिए स्वर्णिम झारखंड बनाने का संकल्प लिया। राज्य में आकर्षक पतरातू झील और झरनों समेत लोकप्रिय पर्यटन और पिकनिक स्थलों पर पर्यटकों की संख्या में भारी वृद्धि देखी गई।

सोरेन ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, नव वर्ष 2025 के अवसर पर सभी को हार्दिक बधाई, शुभकामनाएं और जोहार। राज्य के अमर वीर शहीदों और महान क्रांतिकारियों के सपनों तथा जनता की आकांक्षाओं को साकार करते हुए हमें मिलकर स्वर्णिम झारखंड का निर्माण करना है। उन्होंने लिखा, हम अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक संवेदनशीलता के साथ पहुंचकर उसे राज्य के सर्वांगीण विकास का हिस्सा बनाने का काम करेंगे। राज्य प्रशासन ने उत्सव मनाने वालों के लिए सुचारू और सुरक्षित उत्सव सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा बढ़ा दी है।

## दिल्ली में किसका खेल बिगाड़ेंगी मायावती, सभी 70 सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी में बसपा

**नई दिल्ली, 01 जनवरी।** दिल्ली में आगामी विधानसभा चुनाव में बहुजन समाज पार्टी आप और भाजपा की मुश्किलें बढ़ाने की तैयारी में है। बहुजन समाज पार्टी की ओर से सभी 70 सीटों पर चुनाव लड़ने की संभावना है। इसको लेकर प्रत्याशियों के चयन की प्रक्रिया भी शुरू हो चुकी है। उम्मीदवारों की पहली सूची जनवरी के मध्य तक जारी होने की संभावना है। पार्टी के एक पदाधिकारी ने कहा कि शहर को पांच क्षेत्रों में विभाजित किया गया है और सभी क्षेत्रों में उम्मीदवारों को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया चल रही है। पार्टी की ओर से कहा गया है कि फरवरी में होने वाले दिल्ली विधानसभा चुनाव दिलचस्प और चुनौतीपूर्ण दोनों हैं। एक नेता ने कहा कि उम्मीदवार-चयन प्रक्रिया की निगरानी के लिए प्रत्येक क्षेत्र में समन्वयक नियुक्त किए गए हैं। ये केंद्रीय समन्वयक अपनी सिफारिशों को अंतिम रूप देंगे और उन्हें बहनजी (बसपा प्रमुख मायावती) को भेजेंगे। उम्मीदवारों पर अंतिम निर्णय इन सिफारिशों के आधार पर होगा। 15 जनवरी तक उम्मीदवारों की सूची फाइनल होने की उम्मीद है। बसपा ने 2020 के विधानसभा चुनाव में दिल्ली की सभी 70 सीटों पर चुनाव लड़ा, लेकिन 0.71 प्रतिशत वोट शेयर हासिल कर एक भी सीट जीतने में असफल रही। पार्टी ने 2015, 2013 और 2008 में भी राजधानी की सभी 70 सीटों पर चुनाव लड़ा। अधिकारी के मुताबिक, 2003 में उसने 40 सीटों पर चुनाव लड़ा था।



बसपा का वोट शेयर 2015 में 1.13 प्रतिशत, 2013 में 5.35 प्रतिशत, 2008 में 14.05 प्रतिशत और 2003 में 5.76 प्रतिशत था। पार्टी ने 2008 में दिल्ली में अपना उच्चतम वोट शेयर हासिल किया और दो सीटें जीतीं। बसपा पदाधिकारी ने कहा, वर्तमान में, जमीनी स्तर पर छोटे पैमाने पर बैठकें आयोजित की जा रही हैं, जहां प्रमुख मुद्दों और एजेंडों पर चर्चा की जाती है और इन चचाओं के आधार पर उम्मीदवारों का चयन किया जाएगा।

70 सदस्यीय दिल्ली विधानसभा के चुनाव में 2015 से राजधानी की सत्ता पर काबिज सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बीच सीधा मुकाबला होने की संभावना है।




"स्वच्छ जल से ही स्वस्थ जीवन"
सस्ते एवं उचित दर पर, आपकी सेवा में समर्पित, एक बार सेवा का अवसर अवश्य दें






# कुलपति ने किया मूल्यांकन केंद्र का निरीक्षण

## कुलपति और परीक्षा नियंत्रक को केंद्र अध्यक्ष ने सौंपी मूल्यांकन प्रगति रिपोर्ट

जौनपुर (उत्तरशक्ति)।वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल यूनिवर्सिटी के बालासाहेब देवरस मूल्यांकन केंद्र पर वाणिज्य और शिक्षाशास्त्र की उत्तर-पुस्तिकाओं का मूल्यांकन का कार्य चल रहा है। बुधवार को कुलपति और परीक्षा नियंत्रक ने मूल्यांकन केंद्र पर पहुंचकर मूल्यांकन में लगे शिक्षकों, सहकर्मियों एवं परीक्षकों को नववर्ष की बधाई दी तथा मूल्यांकन केंद्र पर सुविधाओं का जायजा लिया और निर्देश दिया कि परीक्षकों को किसी भी प्रकार की कोई असुविधा ना हो।



इस दौरान मूल्यांकन केंद्राध्यक्ष डॉ राज बहादुर यादव व परिसर के केंद्राध्यक्ष डॉ अमरेंद्र कुमार सिंह ने मूल्यांकन की प्रगति आख्या कुलपति और परीक्षा नियंत्रक के समक्ष प्रस्तुत की। सह-केंद्राध्यक्ष डॉ० अनुराग मिश्र और डॉ० ममता सिंह ने पुष्प गुच्छ देकर कुलपति, परीक्षा नियंत्रक को सम्मानित किया। इस दौरान अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो अजय द्विवेदी, प्रो. अविनाश पार्थिडकर, डॉ.दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ.विकास सिंह, डॉ.जाह्नवी श्रीवास्तव, श्याम त्रिपाठी, राजेश गुप्ता डॉ.अशोक यादव, राजन त्रिपाठी, शुभम सिंह, प्रगति सिंह, जीशान अली, सूरज सोनकर आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# मनबढ़ लोगों ने दंपति पर किया जान लेवा हमला, घटना का वीडियो हुआ वायरल, जांच में जुटी पुलिस

**मोहम्मद अफजल,** खेतासराय,जौनपुर (उत्तरशक्ति)। उक्त थाना क्षेत्र के शेखवलिया गांव में पुरानी रंजिश को लेकर मनबढ़ लोगों ने एक परिवार पर हमला बोल दिया। जिसमें एक ही परिवार के चार लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को पीएचसी सोंधी में मेडिकल जांच कराकर आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। सोशल मीडिया पर मारपीट का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। घायलों में ओमप्रकाश 55 वर्ष, इनकी दो पुत्रियां अंतिमा 18 वर्ष, रंजना 28 वर्ष और बहू नीलम 33 वर्ष हैं। आरोप है कि पिटाई के दौरान दबंगों ने मोबाइल छीन लिया। पूरे मामले की जानकारी के बाद पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया वायरल वीडियो के आधार पर जांच कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। आपका अपना अखबार वायरल वीडियो की पुष्टि नही करता।

## एमटेक इ.इ. पाठ्यक्रम का रिजल्ट हुआ जारी

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के परिसर पाठ्यक्रमों की सत्र 2024-25, विषम सेमेस्टर की परीक्षाओं के प्रथम परीक्षा परिणाम (एम. टेक इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग तृतीय सेमेस्टर) की घोषणा आज की गई। उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन 16 दिसंबर 2024 को प्रारंभ हुआ था परीक्षा परिणाम का ऐलान आज 1 जनवरी 2025 को किया गया। परीक्षा नियंत्रक डॉ विनोद कुमार सिंह ने बताया कि इस सत्र के पहले परिणाम को पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ तैयार किया गया है। हम विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ देते हैं और साथ ही आगे के प्रयासों के लिए प्रेरित करते हैं। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ. विनोद कुमार सिंह, केंद्राध्यक्ष मूल्यांकन डॉ अमरेन्द्र कुमार सिंह, सह-केंद्राध्यक्ष मूल्यांकन डॉ. प्रवीण कुमार सिंह, डॉ. धर्मेन्द्र सिंह, इंजी. अशोक कुमार यादव, इंजी. सत्यम कुमार उपाध्याय, उपस्थित रहे।

# अढउफने उत्तर प्रदेश की नैनी ज़िला जेल में महिला बंदियों के साथ मनाया नया साल

प्रयागराज(उत्तरशक्ति)। नैनी ज़िला जेल की महिला बंदियों के लिए खास रहा। मानवाधिकार संगठन एसोसिएशन फॉर प्रोटेक्शन ऑफ सिविल





राइट्स (अढउफ) ने महिला बंदियों और उनके बच्चों के साथ नया साल मनाया।

इस अवसर पर महिला बंदियों को केक, नमकीन और गरम मोजे बांटे गए। साथ ही मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया और विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। महिला बंदियों ने गाने गा कर नए साल का स्वागत किया। चुटकुले और कहानियों के जरिए जेल के माहौल को खुशनुमा बनाने की कोशिश की गई। दिन भर चले इस कार्यक्रम में विभिन्न खेलों के साथ-साथ कानूनी जागरूकता का सेशन भी आयोजित किया गया। जिसमें महिलाओं को उनके अधिकारों के बारे में जानकारी दी गई। इसके अलावा, इलाहाबाद हाईकोर्ट की अधिवक्ता नुशरा सिद्दीकी ने महिला बंदियों से उनके मुकदमों और कानूनी सहायता के विषय पर चर्चा की। उन्होंने जरूरतमंद बंदियों को निशुल्क कानूनी सहायता देने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर अढउफउत्तर प्रदेश की जेल कॉर्डिनेटर मीना सोनी, समाजसेवी शाहीन शाहाना, सैयद फरहान अहमद, अधिवक्ता नुशरा सिद्दीकी, ज़िला जेल की अधीक्षक अमिता दुबे और जेलर एस.पी. सिंह मौजूद रहे।

# खेतासराय में जेड स्क्वायर कंप्यूटर एकेडमी का उद्घाटन

◆ रोजगार और आत्मनिर्भरता को मिलेगा बढ़ावा

**आफताब आलम**

खेतासराय,जौनपुर (उत्तरशक्ति)। कस्बे के सरवर मार्केट में बुधवार को जेड स्क्वायर कंप्यूटर एकेडमी का भव्य उद्घाटन हुआ। चेयरमैन वसीम अहमद ने फीता काटकर सेंटर का शुभारंभ किया। उन्होंने इस मौके पर कहा कि यह कंप्यूटर सेंटर युवाओं को रोजगार दिलाने में सहायक सिद्ध होगा। वसीम अहमद ने बताया कि सेंटर पर नए जमाने के कोर्स जैसे कंप्यूटर स्किल्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की शिक्षा दी जाएगी। जो छात्रों के लिए रोजगार के बेहतर अवसर प्रदान करेगा। उन्होंने खासतौर पर बालिकाओं के



आत्मनिर्भर बनने में इस सेंटर की अहमियत पर जोर दिया।

कंप्यूटर सेंटर के संचालक जैगम ने बताया कि संस्थान में आधुनिक तकनीकी कोर्स उपलब्ध कराए जाएंगे, जिससे छात्रों को नवीनतम तकनीकी ज्ञान मिलेगा। इस उद्घाटन समारोह में आजम अशरफी, शमीम अहमद, खालिद गयासुद्दीन, मोहम्मद सलमान, मनीष गुप्ता सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# जौनपुर में मधुमेह के प्रति चला जन जागरूकता अभियान

## पूरे जिले में लगभग 200 जगह शिविर लगाकर हुई निःशुल्क जांच

**डॉ.इम्तियाज अहमद**

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। कृष्णा सेवा शांति एवं विकास समिति के बैनर तले जौनपुर जिले में निःशुल्क शुगर जांच शिविर का आयोजन किया गया।जिसमें मधुमेह की जागरूकता का महा अभियान चलाया गया।इस मौके पर डॉक्टर हरेंद्र देव सिंह वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ ने बताया कि अबकी बार हमने नारा दिया है मधुमेह की जागरूकता का महा अभियान अबकी बार 20 हजार पार , जांच और रिकॉर्ड बनाना एक बहाना है सबको मधुमेह से बचाना है और जगाना है उन्होंने बताया कि लोग अक्सर मधुमेह का शिकार हो जाते हैं यह गंभीर बीमारी है जिसमें लोगों को पता ही नहीं चलता कि कब उनको मधुमेह (शुगर) हो गया । इसके प्रति लोगों को जागरूक करना ही हमारा मुख्य उद्देश्य है ताकि समय रहते लोगों को इस प्रकार की गंभीर बीमारी से बचाया जा सके। इस मौके पर डॉक्टर रोबिन सिंह और डॉक्टर मधु शारदा का भी विशेष योगदान रहा। शिविर जौनपुर शहर में भंडारी स्टेशन के नजदीक सुबह-सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकले और यात्रा कर रहे लोगों की जांच करके श्री गणेश किया गया। इसी प्रकार से शाहगंज खेतासराय, मडियाहू, बड़ी मानी बदलापुर, मछली शहर, जलालपुर, रामपुर आदि कस्बों और गांवों में भी शिविर लगाया गया जहां पहुंच लोगो ने मुफ्त में शुगर की जांच करवाई और डॉक्टर की सलाह ली।









# मुंगराबादशाहपुर पुलिस ने दो अभियुक्तों को एक तमन्चा व जिन्दा कारतूस के साथ किया गिरफ्तार

रियाजुल हक क्राइम रिपोर्टर

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। थाना मुंगराबादशाहपुर के मुताबिक उ0नि0 अरविन्द कुमार यादव मय हमराह कर्मचारीगण थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर के मय टीम को मुखबिर खास से सूचना मिली कि दो व्यक्ति संदिग्ध समान लेकर प्राइमरी स्कूल सटवा भैरोपुर तिराहा के पास है। यदि जल्दी किया जाये तो पकड़ा जा सकता है इस बात पर विश्वास कर उ0नि0 अरविन्द कुमार यादव मय हमराह द्वारा सटवा भैरोपुर तिराहा के पास पहुंचे तो मुखबिर खास द्वारा इशारा करके हट बढ़ गया। पुलिस वाले सिखलाये हुए



तरीके से एकाएक दविश देकर अभियुक्तगण 1.राजा सरोज पुत्र रामराज सरोज निवासी ग्राम सटवा, थानाझ मुंगराबादशाहपुर जनपद जौनपुर 2.दिवांश सरोज पुत्र फूलचन्द्र सरोज निवासी ग्राम भैरोपुर, थाना मुंगराबादशाहपुर जनपद जौनपुर के कब्जे से एक अवैध देशी तमन्चा 315 बोर व एक जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद कर थाना हाजा लाकर अभियुक्तगण के विरुद्ध मु0अ0सं0 001/2025 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की गई।

# कठिन मेहनत और लगन से हर कार्य होता है सफलः डीएम

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र के द्वारा तहसील केराकत के गांव बिसुही बराही में पहुंचकर गोरखपुर के सांसद रविकिशन शुक्ला के पिताजी स्व0 प0 श्याम नारायण शुक्ला के पांचवी पुण्यतिथि पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर जिलाधिकारी ने कहा कि आज स्व0 प0 श्याम नारायण शुक्ला की पुण्यतिथि में

## पं.श्याम नारायण शुक्ला की पुण्यतिथि पर किया गया विभिन्न कार्यक्रम

आने का अवसर प्राप्त हुआ है। सर्वप्रथम उस पुण्य आत्मा को नमन करता हूं। मुझे प्रसन्नता है कि इतनी कठिन चुनौतियों और व्यस्तता के बावजूद भी सांसद रविकिशन शुक्ल अपने गांव से जुड़े हुए है। आज कोई भी व्यक्ति इस भारतीय लोकतन्त्र में केवल शिक्षा और कठिन परिश्रम के माध्यम से अपले सपनों को साकार कर सकता है। जिलाधिकारी ने कहा कि कोई भी कार्य कठिन नही है, जो मेहनत करता है उसे उसका परिणाम अवश्य मिलता है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में कोई भी ऐसा अवरोध उत्पन्न नही हो सकता है



जो उसके प्रगति में बाधा बन सके।

इसके पश्चात जिलाधिकारी के द्वारा धंन्वतरि, लालता, विभूति को आयुष्मान कार्ड, मुर्तजा, लौटु, माता प्रसाद को खतौनी और बखेडु, जोगेन्द्र, अंबावती, बैजनाथ को घरौनी वितरित किया। इसके साथ ही जिलाधिकारी के द्वारा आयुष, रूही का अन्नप्रासन और मनीषा, सुनीता की गोदभरायी की गयी इस दौरान जिलाधिकारी के द्वारा वृद्वजन तथा गरीब जन में कम्बल वितरण किया गया तथा विभिन्न विभागों के द्वारा कैम्प लगागार शासन के द्वारा संचालित योजनाओं का पंजीकरण और फार्मर रजिस्ट्री का कार्य, पेंशन, खतौनी और घरौनी वितरण किया गया।

उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री की प्रेरणा से शासन द्वारा संचालित योजनाओं से सभी पात्र व्यक्तियों को चिन्हित करते हुए लाभान्वित किया जायेगा। इसके साथ ही जिलाधिकारी द्वारा सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में दर्शन पूजन भी किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट इशिता किशोर, जिला विकास अधिकारी मीनाक्षी देवी, उप जिलाधिकारी केराकत सुनील कुमार भारती सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारीगण तथा स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# चुनाव में लगे वाहनों के लिए जारी हुआ जरूरी निर्देश

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। सहायक प्रभारी, वाहन एवं यातायात (लो०स०सा०नि०-2024)/सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी, (प्रवर्तन), ने अवगत कराया है कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 निर्वाचन में प्रयुक्त की गयी हल्के/भारी वाहनों के किराये-भाड़े के भुगतान हेतु वाहन स्वामियों के बैंक विवरण (खाता संख्या, आई०एफ०एस०सी० कोड, बैंक का नाम) की आवश्यकता है,उक्त के क्रम में ऐसे वाहन स्वामी जिनका वाहन लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 में लगायी गयी थी को निर्देशित किया जाता है कि वे जिला निर्वाचन कार्यालय कलेक्ट्रेट परिसर जौनपुर में अपना खाता विवरण सम्बन्धी छायाप्रति तत्काल उपलब्ध करा दें, जिससे भुगतान की अग्रिम कार्यवाही की जा सके।

# रामपुर पुलिस ने अवैध कट्टा व कारतूस के साथ एक को पकड़ा

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। रामपुर मड़ियाहूं थानाध्यक्ष श्रीप्रकाश शुक्ला के नेतृत्व में दिनांक-01.01.2025 को उ0नि0 रामाश्रय कुशवाहा मय पुलिस टीम के संदिग्ध व्यक्ति एवं वाहनों की चैकिंग में मामुर थे कि एक मुखबिर खास की सूचना पर धरमपुर के पास से एक अभियुक्त को अवैध कट्टा व कारतुस के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। जिससे नाम पूछने पर अपना नाम नितिन दुबे पुत्र स्व0 संतोष दुबे निवासी निकरा बहरी थाना नेवढ़िया जनपद जौनपुर बताया । अभियुक्त उपरोक्त को गिरफ्तार कर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0-01/25 धारा-3/25 आर्मस एक्ट पंजीकृत किया गया। अभियुक्तगण उपरोक्त थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 262/24 धारा 115(2),352,351(2),191(2),140(2),3(5) बीएनएस में वाछिंत अभियुक्त भी है। अभियुक्त उपरोक्त के विरूद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही की गई।



## फैमिली आईडी प्रगति सम्बन्धित समीक्षा बैठक हुई संपन्न

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र के द्वारा कलेक्ट्रट सभागार में फैमिली आई०डी० के प्रगति के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक की गयी। बैठक में फैमिली आई०डी० बनाने के कार्य की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिया कि अपेक्षित सुधार लायी जाए अन्यथा कार्यवाही की जाएगी। फैमिली आई०डी० कार्यक्रम हेतु जनपद स्तर से नामित नोडल अधिकारी जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी को निर्देशित किया है कि उक्त योजनाओं का पर्यवेक्षण करते हुए निकाय स्तर के नामित अधिकारी से समन्वय स्थापित कर शासन द्वारा माह तक आवंटित लक्ष्य के अनुरूप प्रगति प्राप्त कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि इस निदेर्शों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम, जिला विकास अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारीगण सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# एक करोड़ के गांजा के साथ दो गिरफ्तार

## नए साल पर बनारस में बड़े पैमाने पर नशे के कारोबार की चल रही थी तैयारी

**डॉ.एस.के.मिश्र**

वाराणसी(उत्तरशक्ति)। जनपद के पुलिस कमिश्नरेट की एसओजी टीम और थाना रोहनिया पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए 141.846 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद किया है। इस गांजे की अनुमानित कीमत लगभग एक करोड़ रुपये बताई जा रही है। मामले में दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। जो उड़ीसा से गांजा लाकर स्थानीय बाजारों में खपाने की योजना बना रहे थे। पुलिस ने घटना में इस्तेमाल बोलेरो पिकअप, आधार कार्ड, मोबाइल फोन और नकद 1180 रुपये भी बरामद किए हैं। नववर्ष 2025 के मौके पर पुलिस कमिश्नर के निदेर्शानुसार अपराध और अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा था। इसी क्रम में, पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन के निर्देशन और सहायक पुलिस कमिश्नर रोहनिया के नेतृत्व में एसओजी और थाना रोहनिया पुलिस टीम ने चेकिंग अभियान के दौरान यह सफलता पाई। बुधवार सुबह भदवर अंडरपास के पास पुलिस चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान रामनगर की ओर से एक तेज गति से आती हुई बोलेरो पिकअप वाहन को रोका गया। वाहन में सवार दो व्यक्तियों से पूछताछ की गई, जिन्होंने अपना परिचय राज किशोर साहू (28) और शीलू बहेरा (27) के रूप में दिया। दोनों आरोपी उड़ीसा के गंजम जिले के निवासी हैं। संदेह के आधार पर गहन जांच जब वाहन के अंदर रखे सामान के बारे में पूछताछ की गई, तो आरोपियों ने बताया कि वे फल लेने के लिए लखनऊ जा रहे हैं। वाहन की जांच करने पर सामने खाली कैरेट्स रखे मिले। हालांकि, दोनों के हावभाव और बयान में विरोधाभास देखकर पुलिस ने सख्ती से पूछताछ की। आखिरकार आरोपियों ने स्वीकार किया कि वाहन के डिवाइडर के अंदर





गांजा छिपाकर रखा गया है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे उड़ीसा से कम कीमत पर गांजा खरीदकर वाराणसी और आसपास के क्षेत्रों में ऊंचे दाम पर बेचते हैं। अधिक मुनाफे के लिए उन्होंने वाहन के अंदर विशेष डिवाइडर बनवाया था। जिसमें गांजा छिपाकर लाया गया था। पुलिस ने वाहन की तलाशी के दौरान 141.846 किलोग्राम गांजा बरामद किया। इसके अलावा, घटना में इस्तेमाल बोलेरो पिकअप (रजिस्ट्रेशन नंबरः डऊ 07 अह 7900), 1180 रुपये नकद, और एक आधार कार्ड भी जब्त किया गया। बरामद गांजे की कीमत लगभग एक करोड़ रुपये आंकी गई है। इस मामले में थाना रोहनिया में आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20/29 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पूछताछ के दौरान अहम खुलासे आरोपियों ने बताया कि उन्होंने इस तस्करी के लिए वाहन को विशेष रूप से तैयार किया था। वे स्थानीय बाजारों और आसपास के इलाकों में गांजा सप्लाई करने की योजना बना रहे थे। इसके लिए उन्होंने नववर्ष के समय को चुना, जब सुरक्षा व्यस्त होने की संभावना होती है। सतर्कता से बच नहीं सके आरोपी पुलिस के अनुसार, चेकिंग के दौरान आरोपी तेज गति में वाहन चलाकर भागने की कोशिश कर रहे थे। लेकिन सतर्कता और कुशल रणनीति से पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया। गिरफ्तारी में एसओजी टीम और थाना रोहनिया पुलिस की संयुक्त भूमिका रही। टीम का नेतृत्व सहायक पुलिस कमिश्नर रोहनिया ने किया। जिसमें एसीपी रोहनिया संजीव शुक्ला, एस आई राज दर्पण तिवारी, ऋतुराज मिश्रा, अनिल कुमार मिश्र और एसओजी प्रभारी एसआई मनीष कुमार मिश्रा व उनकी टीम शामिल रही। स्थानीय बाजारों में गांजा खपाने की योजना विफल डीसीपी वरुणा चंद्रकांत मीणा ने बताया कि गांजा तस्करी करने वाले अक्सर बड़े वाहनों का इस्तेमाल करते हैं और खाली कार्गो की आड़ में गांजा छिपाते हैं। यह गिरोह उड़ीसा से गांजा लाकर स्थानीय बाजारों में ऊंचे दाम पर बेचने की फिराक में था। लेकिन पुलिस की मुस्तैदी से उनकी योजना विफल हो गई। पुलिस अब आरोपियों के नेटवर्क और उनके संपर्कों की जांच कर रही है। यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि गांजे की इस खेप को कहां और किसे बेचा जाना था।

# झूठी सूचना देने वाले के आरोप में 3 गिरफ्तार

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। जफराबाद प्र0नि0 जयप्रकाश यादव थाना जफराबाद के मार्गदर्शन में उ0नि0भगवान यादव द्वारा मय हमराहियान के साथ ग्राम हरजूपुर में नये वर्ष पर नशे की हालत में पीआरवी 112 पर झूठी सूचना देते हुए हुड़दंग करने वाले 03 अभियुक्त अन्तर्गत धारा 170 बीएनएसएस मे गिरफ्तार कर चालान अन्तर्गत धारा 170/126/135 बीएनएसएस में करते हुये न्यायालय भेजा गया।



## लूट व हत्या के प्रयास में वांछित 10 हजार के इनामिया 2 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार, तमंचा व कारतूस बरामद

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। शाहगंज शाहगंज पुलिस बल द्वारा चेकिग के दौरान लूट/ हत्या का प्रयास के वांछित 10,000 इनामिया अभियुक्त शिवा नन्द तिवारी पुत्र नरसिंह तिवारी निवासी अरगूपुर कला थाना शाहगंज व अभियुक्त सत्यम सिंह पुत्र राकेश सिंह निवासी गैरवाह थाना सरपतहा को एक-एक नाजायज तमंचा व कारतूस के साथ कलान स्कूल के सामने से दिनांक एक जनवरी को चेकिंग के दौरान गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर क्रमशः मु0अ0सं0 0001/ 2025 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट बनाम शिवा नन्द तिवारी पुत्र नरसिंह तिवारी निवासी अरगूपुर कला थाना शाहगंज जनपद जौनपुर व मु0अ0सं0 0002/ 2025 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट बनाम सत्यम सिंह पुत्र राकेश सिंह निवासी गैरवाह थाना सरपतहा जौनपुर पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गई। शिवानंद तिवारी पुत्र नरसिंह तिवारी निवासी अरगूपुर कला थाना शाहगंज जौनपुर के विरुद्ध थाना स्थानीय पर लूट/हत्या के प्रयास का पंजीकृत मु0अ0सं0 224/2024 धारा 115(2),351(3),324(2), 333,309(6) भारतीय न्याय संहिता 2023 व मु0अ0सं0 231/2024 धारा 115(2),352,351 (3),324(4),333,109 (1), 3(5) भारतीय न्याय संहिता 2023 एवं मु0अ0सं0 232/2024 धारा 352,351(3), 195,221,121, 121(2),132,191(2) भारतीय न्याय संहिता 2023 मे वांछित अभियुक्त हैं । जिसके ऊपर दस हजार रुपए का पुरस्कार घोषित किया गया है।



## जरूरतमंद एवं असहाय बच्चों के संग मनाया गया नव वर्ष



शाहगंज,जौनपुर (उत्तरशक्ति )। नगर के अयोध्या मार्ग एवं आजमगढ़ मार्ग पर स्थित गरीब बच्चों के संग केक काटकर एवं उपहार पैकेट व गर्म कपड़े दे कर नया साल मनाया गया। जिसमें भाजपा जिला सोशल मीडिया प्रभारी वेद प्रकाश जायसवाल कार्यक्रम आयोजक डॉक्टर सौम्या अग्रहरि पुत्री श्री कमलेश अग्रहरि केराना स्टोर, भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष धीरज पाटिल जी, अनुसूचित मोर्चा मंडल अध्यक्ष प्रिंस गौतम जी, उपाध्यक्ष अरुण चौहान, संदीप मोदनवाल आदि लोगों शामिल रहे।

## जरूरतमंदों को मदद करना एक उपकार है :प्रवेश चन्द्र अग्रहरी

-शिव कुमार प्रजापति

सूरापुर (उत्तरशक्ति) ।श्रीमती कलावती देवी सेवा संस्थान फाउंडेशन डीह अशरफाबाद के समाजसेवी ने बढ़ते सर्द ठंड मौसम में कंबल वितरण समारोह का आयोजन किया। जिसमें सैकड़ो जरूरतमंदों को गर्म हेतु मोटा कंबल वितरण कर लोगों से वाहवाही लूटी। कार्यक्रम की शुरूआत श्रीमती कलावती देवी सेवा संस्थान फाउंडेशन के तत्वाधान में डीह अशरफाबाद सुरपुर में आयोजित किया गया था। जिसके अध्यक्ष उमेश अग्रहरि के नेतृत्व में व्यापार मंडल के अध्यक्ष रमेश चंद्र अग्रहरी के उपस्थिति में कंबल वितरण आयोजित किया गया था। जिसमें समाजसेवी प्रवेश चंद्र अग्रहरी ने बताया कि संस्था आने वाले समय में हर गरीबों के लिए भगवान साबित होगी और ऐसे ही जरूरतमंदों की मदद निरंतर करती रहेगी। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि व्यापार मंडल अध्यक्ष सूरापुर श्याममिलन अग्रहरि भी कंबल वितरण में उपस्थित रहे। उक्त कार्यक्रम में आप के वरिष्ठ नेता विनोद कुमार प्रजापति घनश्याम अग्रहरि सनी सिंह राम विनय मौर्य मुस्ताक अहमद आलोक अग्रहरि रोहित गुप्ता विकास अग्रहरि अफजाल अंसारी पिंटू गुप्ता कमल पांडे दयाराम गौतम सहित तमाम समाज से भी उपस्थित रहे।

## संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालयः परीक्षा केंद्रों पर पहुंचा प्रश्नपत्र, दो से 12 तक होंगी सेमेस्टर परीक्षाएं

वाराणसी(उत्तरशक्ति)।संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय और उससे संबद्ध कॉलेजों में दो जनवरी से शुरू होने वाली सेमेस्टर परीक्षाओं के लिए केंद्रों पर कॉपी और प्रश्नपत्र पहुंच गए हैं। देशभर में बने 325 केंद्रों पर होने वाली परीक्षा के लिए विश्वविद्यालय की ओर से पर्यवेक्षक भी भेजे गए हैं। इस बीच कुलपति ने परीक्षा की तैयारियों का जायजा लिया। कहा कि परीक्षा से संबंधित जो भी नियम व निर्देश जारी किए गए हैं।उसे न मानने वाले कॉलेजों की मान्यता समाप्त करने की कार्रवाई की जाएगी। सम्पूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय और कॉलेजों की 2 से 12 जनवरी तक शास्त्री प्रथम सेमेस्टर सत्र की बैक परीक्षा एवं शास्त्री तृतीय सेमेस्टर सत्र (2023-2026), चतुर्थ सेमेस्टर सत्र (2022-2025) और आचार्य प्रथम सेमेस्टर सत्र (2024-2026), आचार्य तृतीय सेमेस्टर सत्र (2023-2025) के संस्थागत, व्यक्तिगत, भूतपूर्व, बैक/श्रेणी सुधार/एकविषयक परीक्षा कराई जाएगी।

## एसएसपी दफ्तर के सामने युवक ने खुद को लगाई आग

**बदायूं (उत्तरशक्ति)**। बदायूं में ससुरालवालों से विवाद के चलते परेशान युवक ने बुधवार को दोपहर लगभग एक बजे एसएसपी कार्यालय के गेट पर खुद पर पेट्रोल डालकर आग लगा ली। इससे वहां हड़कंप मच गया। आग की लपटें उठीं तो पुलिसकर्मी बुझाने में जुट गए। जानकारी होने पर पुलिस अधिकारी अपने-अपने कार्यालय से निकलकर बाहर आए। आग लगने से युवक गंभीर रूप से झुलस गया। उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। जहां हालत गंभीर देखते हुए उसे बरेली रेफर कर दिया गया है। जानकारी के मुताबिक नई सराय निवासी युवक का उसकी पत्नी से विवाद चल रहा है। इससे पत्नी अपने मायके में रह रही है। दो दिन पहले साले की पत्नी ने युवक के खिलाफ छेड़खानी की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। युवक ने आरोप लगाया कि उसे कोतवाल, सीओ सिटी के अलावा एक विधायक परेशान कर रहे हैं। अस्पताल ले जाते समय युवक ने चीख-चीखकर आरोप लगाए। एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह ने बताया कि युवक का अपने ससुरालीजनों से दो वर्षों से विवाद चल रहा है। इसमें कई मुकदमे कोतवाली, सिविल लाइंस और मुजरिया थाने में पंजीकृत हैं। 30 दिसंबर को युवक अपनी ससुराल में जबरन घुस गया था। उसके साले की पत्नी ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। इसी तनाव में युवक ने आत्मदाह की कोशिश की।

## चोरी की 13 बाइकों के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**वाराणसी(उत्तरशक्ति)**। नए साल के पहले दिन वाराणसी की कैंट पुलिस व सर्विलांस सेल की टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी। दो पहिया वाहन चोरी करने वाले दो शातिर चोरों के साथ चोरी की कुल 13 बाइक बरामद की गई है। चोरों के पास से बरामद दो पहिया वाहनों में कैंट के चार, मंडुआडीह के दो, रोहनियां व जैतपुरा थाने के एक- एक वाहन शामिल हैं। जबकि अन्य की जांच की जा रही है। कैंट पुलिस के अनुसार 1 जनवरी को नए साल पर शांति व्यवस्था हेतु भ्रमण के दौरान मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि दो लोग चोरी की मोटरसाइकिल को बेचने के लिए नदेसर, छोटी कटिंग में हैं। पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घराबंदी कर एक जगह खड़ी तीन मोटरसाइकिल के पास से दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए लोगों में सोनू राजभर व संदीप यादव निवासी कापरेटिव कमौली, चौबेपुर हैं। दोनों के निशानदेही पर मौके पर एक झाड़ी से पुलिस टीम ने अन्य चोरी की वाहनों को भी बरामद किया। ये सभी वाहन बिक्री के लिए रखे गए थे।

## रामकेल उपाध्याय की प्रथम पुण्यतिथि पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन



**जौनपुर**। मनुष्य के मरने के बाद भी उसके द्वारा किए गए अच्छे काम हमेशा याद किए जाते हैं। बदलापुर तहसील अंतर्गत स्थित रमनीपुर गांव में आयोजित स्वर्गीय रामकेल उपाध्याय की प्रथम पुण्यतिथि पर जब उनके द्वारा किए गए सामाजिक कार्यों को याद किया गया तो उपस्थित सभी लोगों की आंखें नम हो गई। रेलवे सुरक्षा बल में लंबे अरसे तक इंस्पेक्टर रहे रामकेल उपाध्याय रिटायर होकर जब गांव आए तो वह पूरी तरह समाज से जुड़ गए थे। प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर उपस्थित प्रमुख लोगों में कपिल पंडित, मुकुंदधर तिवारी, दयाराम उपाध्याय, कैलाशनाथ पांडे सरपंच, माता प्रसाद तिवारी, समाजसेवी डीएस तिवारी, रामप्यारे उपाध्याय , राजू उपाध्याय, मंदोसर तिवारी, रवींद्र उपाध्याय, महेंद्र उपाध्याय प्रमोद कुमार पांडे, अशोक कुमार पांडे, इंद्रजीत यादव ठेकेदार,केसरी नाथ तिवारी, राजकुमार तिवारी, लाल बहादुर तिवारी आदि का समावेश रहा। स्वर्गीय उपाध्याय के सुपुत्र हरिश्चंद्र उपाध्याय, दिनेश चंद्र उपाध्याय, पत्रकार राजेंद्र उपाध्याय ,डॉ विनोद उपाध्याय, एडवोकेट अशोक उपाध्याय तथा प्रवेश उपाध्याय ने आए हुए समस्त लोगों का अंगवस्त्रम द्वारा सम्मान करते हुए आभार व्यक्त किया। 50 जरूरतमंदों को कंबल भी वितरित किया गया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ पत्रकार शिवपूजन पांडे ने किया।

## कादरी एजुकेशन एंड वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा मुफ्त नेत्र शिविर आयोजित



**मुंबई (उत्तरशक्ति)**। कादरी एजुकेशन एंड वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा गत 29 दिसंबर को 29 दिसंबर को सवेरा एसआरए सोसाइटी, ईरानी टी एंड फ्राइड चिकन हाउस के सामने, एस.जी. बर्वे मार्ग, कुर्ला (पूर्व) मुंबई मोतियाबिंद ऑपरेशन व मुक्त चश्मा वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंगेश कुडालकर तथा आयोजक संदीप कादरी रहे। इस मुक्त तस्वीर में क्षेत्र के सैकड़ो लोगों ने अपनी आंखों की जांच कराकर मुक्त चश्मा प्राप्त किया।

## नव वर्ष के पर मोदी सरकार का किसानों को बड़ा तोहफा, खाद पर मिलेगी अब ज्यादा सब्सिडी

**लखनऊ**। नव वर्ष के मौके पर मोदी सरकार ने किसानों को बड़ा तोहफा दिया है, दरअसल, कैबिनेट बैठक में डीएपी (DAP) फर्टिलाइजर बनाने वाली कंपनियों के लिए सरकार ने स्पेशल पैकेज को मंजूरी दी है। अब इसका सीध लाभ किसानों को मिलेगा और उन्हें डीएपी के लिए ज्यादा कीमत नहीं चुकानी पड़ेगी। इसके साथ ही डीएपी बनाने वाली कंपनियों को मिलने वाली सब्सिडी के अतिरिक्त सरकार आर्थिक मदद भी देगी।

मोदी कैबिनेट मीटिंग में केंद्र सरकार ने डीएपी फर्टिलाइजर्स के मैन्यूफैक्र्ररर्स को राहत दी है। इसके तहत इन्हें सब्सिडी के अलावा आर्थिक सहायता देने पर भी मंजूरी



दी गई है। इन फैसलों का लक्ष्य कृषि उत्पादकता को बढ़ावा देना, किसानों को आर्थिक रूप से मदद देना और जरूरी फर्टिलाइजर्स तक किफायती पहुंच दिलाना है।

DAP खाद का 50 किलोग्राम का बैग पहले की तरह 1350 रुपए का मिलता रहेगा। कैबिनेट ने डीएपी खाद बनाने वाले कंपनियों को 3850 करोड़ की अतिरिक्त सब्सिडी देने का ऐलान किया गया है। फसल बीमा योजना का आवंटन बढ़ाकर 69516 करोड़ रुपए कर दिया गया है। फसल बीमा न देने पर पेनल्टी नहीं लगाई जाएगी। इसके अलावा केंद्रीय मंत्रिमंडल ने कृषि जगत में इनोवेशन और टेक्नोलॉजी को विस्तार देने के लिए 824.77 करोड़ रुपये के बजट का भी आवंटन किया है।

## नए साल पर सवा 6 लाख श्रद्धालुओं ने किए बाबा विश्वनाथ के दर्शन

-सुरेश गांधी

वाराणसी। कहते हैं नव वर्ष का पहला दिन खुशियों, उम्मीदों और ऊर्जा से भरा हुआ हो तो साल के सारे दिन भी वैसे ही रहते हैं। कुछ इसी मूलमंत्र की भावनाओं के साथ नए साल 2025 को लोगों ने जश्न के बीच अपने-अपने अंदाज में सेलीब्रेट किया। किसी ने सुबह उठते ही भगवान की पूजा-अर्चना की तो किसी ने शहर के मलीन बस्तियों में पहुंचकर जरुरतमंदों के साथ इस दिन को धूमधाम से मनाया। लोगों ने अपने घरों में तो स्पेशल डिश बनाई ही बल्कि शाम होते ही कई लोग डिनर करने भी पहुंचे। इसी तरह कुछ महिलाओं का ग्रूप ने पार्टी कर नए साल का जश्न मनाया।

सुबह बाबा श्री काशी विश्वनाथ के दर्शन के साथ भक्तों ने दिन की शुरूआत की और दिन चढ़ने के साथ ही नमो घाट पर आकर्षण दिखा। शाम की दैनिक गंगा आरती में होने वाली भारी भीड़ ने मां गंगा से पूरे साल की समृद्धि का आशीर्वाद मांगा और आरती देखी। इस दौरान भक्त जयकारा लगाते रहे और धार्मिक जोश दिखाते रहे। नए साल पर बाबा विश्वनाथ के दरबार में दर्शन की चाहत हर किसी की होती है। इस बार बाबा दरबार में भक्तों की भीड़ ने सारे रेकार्ड तोड़ दिए हैं। दो दिन पहले ही भक्त काशी पहुंच गए थे और देर रात कतार में लगकर बाबा के धाम में हाजिरी लगाई। शाम तक बाबा विश्वनाथ के धाम में छह लाख से अधिक भक्तों ने हाजिरी लगा चुके थे और कपाट बंद होने तक यह संख्या साढ़े 6 लाख पार कर गयी। भक्तों की आवक को देखते हुए प्रशासन ने भी पुख्ता इंतजाम किए थे। हर ओर बैरिकेडिंग थी और सुरक्षा के चौकस इंतजाम के बीच भक्त अपनी श्रद्धा को पूरा करते दिखे। सभी ने हर हर महादेव के उद्घोष के साथ नए साल की शुरूआत की। वैसे भी जिंदगी की चुनौतियों और विपरीत परिस्थितियों के बावजूद हिन्दुस्तानी मौज मस्ती का कोई मौका नहीं छाडते हैं। हालांकि साल भर जश्न मनाने के अवसर मिलते हैं, लेकिन चाहे वह धर्म एवं आस्था की नगरी काशी हो या तीर्थराज प्रयाग या फिर पूरा देश नववर्ष के स्वागत का यहां अलग ही रंग दिखाई देता है। घड़ी में 12 बजते ही हैप्पी न्यू ईयर की शोर संग आसमान आतिशबाजी से सराबोर हो गया। जश्न व बधाइयों के साथ नए साल का स्वागत किया गया। अलग-अलग शहरों में रातभर होटल और डांस बार जश्न में डूबे रहे। लोगों ने आतिशबाज कर, डांस कर नए साल का स्वागत किया। देश के हर छोटे बड़े शहर में जश्न का माहौल दिखा। हर तरफ पार्टियों का दौर दिखा। दूसरी ओर लोगों की इन खुशियों में कोई व्यवधान ना पड़े, यह सुनिश्चित करने के लिए पुलिस ने सड़कों, रेस्तरां, पब आदि पर कड़ी नजर रखी। नव वर्ष के स्वागत को लेकर बुधवार को शहर से लेकर देहात तक हर्ष और उल्लास में डूबा रहा। शाम होते ही हर तरफ डीजे बजने लगे और लोग जमकर थिरके। देर शाम से रात तक नए साल के जश्न में लोग थिरकते रहे। फूलों, ग्रीटिंग कार्ड और गिफ्ट आइटम का बाजार भी गर्म रहा। पूरे दिन युवाओं के जत्थे बाजार में नए साल पर तोहफे भेंट करने की तैयारियों के लिए खरीदारी करते नजर आए। चाहे फूलों की मार्केट रही हो या फिर ग्रीटिंग कार्ड एवं गिफ्ट कार्नर की दुकानें। डायरियों के दुकानों पर भी भीड़ दिखी। बाजार दुल्हन की तरह सजे थे। आकर्षक छूट से ग्राहकों को लुभाने की होड लगी हुई है। थर्टी फर्स्ट गुड नाइट को ड्रिंक एंड डांस के साथ फुल मस्ती रही। बीयर बार, होटल्स से अलग कई ऐसे रिसोर्ट्स बुक किए गए थे। कई जगह भजन संध्या, देवी जागरण का भी आयोजन किया गया। जहां बड़ी संख्या में लोग प्रभु आराधना के साथ नए वर्ष का स्वागत करते दिखे।

## बेकाबू कार घर में घुसी, दो की मौत, तीन

**प्रयागराज (उत्तरशक्ति)**। बुधवार को उरुवा के मनूकापूरा के सामने हाईवे पर अनियंत्रित कार सड़क के किनारे एक घर में जा घुसी। जिससे कार सवार सहित पांच लोग जख्मी हो गए। अस्पताल ले जाते वक्त कार चालक सहित दो लोगों की मौत हो गई। वहीं तीन लोग जख्मी हैं। घायलों को एसआरएन अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मौके पर पुलिस पहुंच गई। मेजा थाना क्षेत्र के जेवनिया गांव के पवन पांडेय का बेटा अभिनव पांडेय (20) नव वर्ष पर अपनी कार से अपनी बुआ के यहां मांडा गरेथा आया था। वहां पर अष्टभुजा उर्फ अन्नू (22), हिमांशु पांडेय (18), अमन चतुर्वेदी (25) को कार से लेकर घूमने निकला। कार सवार चारों लोग पहले औंता स्थित महावीर मंदिर गए। इसके बाद पहड़ी





महादेव दर्शन करने के बाद घर लौट रहे थे। कार जैसे ही हाईवे पर मनूकापूरा गांव के सामने पहुंचे वैसे ही गाड़ी चला रहे अभिनव पांडेय का स्टेयरिंग से नियंत्रण हट गया। कार सीधे सड़क के किनारे राजकुमार जायसवाल के घर में जा घुसी। घर से टकराने के बाद कार पलट गई। चीख पुकार सुन भारी संख्या में लोग जुट गए। किसी तरह से कार का दरवाजा खोल अंदर फंसे लोगों को बाहर निकाला गया। चारों लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए थे। वहीं घर के दरवाजे पर खड़ी राजकुमार जायसवाल की बारह साल की बेटी पायल भी कार की चपेट में आने से गंभीर रूप से जख्मी हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंचे मेजा थाने के दरोगा बलवंत यादव ने तत्काल एंबुलेंस से जख्मियों को अस्पताल भेजा। जिसमें से अभिनव पांडेय और हिमांशु पांडेय की मौत हो गई। कार का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया है। हादसे की सूचना पर बदहवास हालात में मौके पर पहुंचे परिजनों का रो रोकर बुरा हाल रहा।

## ट्रेन के इंजन पर कूदा शख्स, OHE लाइन की चपेट में आने से धूं-धूं कर

**झांसी (उत्तरशक्ति)**। उत्तर प्रदेश के झांसी जिले में रोंगटे खड़े कर देने वाली घटना सामने आई है। जिले के वीरांगना लक्ष्मीबाई रेलवे स्टेशन पर उस वक्त हड़कंप मच गया जब एक शख्स ने ट्रेन के इंजन पर छलांग लगा दी। इंजन पर गिरते ही शख्स ओएचई लाइन (ओवरहेड लाइन) की चपेट में आ गया और उसकी मौके पर ही जिंदा जलकर मौत हो गई। घटना को देखकर लोग सदमे में हैं। मामले की जानकारी मिलते ही आनन-फानन में आरपीएफ और रेलवे पुलिस प्लेटफार्म पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शुक्रवार रात 10 बजकर 4 मिनट पर हजरत निजामुद्दीन से चलकर जैसे ही गोवा एक्सप्रेस (12780) झांसी रेलवे स्टेशन पर पहुंची, एक युवक अचानक इंजन के ऊपर कूद गया। इस दौरान वह ओएचई लाइन की चपेट में आने से उसकी जिंदा जलकर मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर आरपीएफ और रेलवे पुलिस प्लेटफार्म पर पहुंच गई। इसके बाद ओएचई लाइन बंद करके सीढ़ी की मदद से ट्रेन के इंजन के ऊपर चलकर युवक की आग को बमुश्किल बुझाया गया। फिर शव को नीचे उतारा गया। जिसके बाद पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतक युवक कौन है, कहां से आया है और ट्रेन के इंजन पर क्यों कूदा यह अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। बताया जा रहा है कि युवक ने प्लेटफार्म के टीनशेड पर चढ़कर इंजन पर छलांग लगाई थी। फिलहाल सुरक्षा व्यवस्था पर बड़े सवाल खड़े हो रहे हैं। बता दें कि घटना के चलते ट्रेन लगभग दो घंटे तक प्लेटफॉर्म पर ही खड़ी रही। रेलवे पुलिस ने शिनाख्त कराने का प्रयास करते हुए जब शव को मोर्चरी भेज दिया, उसके बाद 23 बजकर 49 मिनट पर ट्रेन को अपने गंतव्य के

## राजन नाईक ने पीड़ित से किया मुलाकात



विरार। विरार पूर्व क्षेत्र के मामा नगर फूलपाड़ा गांधी चौक इलाके में एक ही समय में 5 घरों में चोरी की गंभीर घटना हुई। घर से पैसे, गहने और अन्य सामान चोरी हो गए। नालासोपारा विधायक राजन नाइक ने मौके पर जाकर मुलाकात कर पीड़ित परिवार से पूछताछ की साथ ही विरार पुलिस इंस्पेक्टर गायकवाड से उक्त अपराध के संबंध में जांच की जानकारी ली और इस मामले में पीड़ितों को जल्द से जल्द न्याय दिलाने के निर्देश दिये।

## नकली नोट बनाने वाले गिरोह का भंडाफोड़

श्रावस्ती (उत्तरशक्ति)। नकली नोट छापकर ग्रामीण क्षेत्र की बाजारों व दुकानों में चलाने वाले गिरोह का पुलिस ने बुधवार पदार्फाश किया। मामले में हरदत्त नगर गिरंट पुलिस व एसओजी टीम ने पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से असली व नकली नोट, नोट छापने के कागज, उपकरण व तमंचा तथा बाइक बरामद किया है। गिरोह का सरगना मल्हीपुर के एक मदरसा का प्रबंधक बताया जा रहा है। पुलिस को कुछ दिनों से यह शिकायत मिल रही थी कि मल्हीपुर थाना क्षेत्र में नकली नोट का प्रचलन बढ़ा है। इसका खुलासा करने के लिए एसपी ने टीम का लगाया था। टीम ने मुखबिर की सूचना पर भेसरी नहर पुल से तीन लोगों को नकली नोट, तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। पूछताछ के बाद मल्हीपुर थाना क्षेत्र के लक्ष्मनपुर स्थित मदरसे से दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। जहां से एक प्रिंटर, दो लैपटाप, चार बोतल स्याही, 35,400 रुपये नकली नोट व 14500 रुपये असली नोट, एक 315 बोर तमंचा व कारतूस, एक कैंची, स्केल, एक कागज का तीन असली नोट चिपका फार्मा, एक बाइक व पांच मोबाइल बरामद हुए। एसपी घनश्याम चौरसिया के अनुसार गिरफ्तार मुबारक अली उर्फ नूरी निवासी लक्ष्मनपुर गंगापुर थाना मल्हीपुर गिरोह का सरगना है। जिसके पांच बीवियां हैं। जो अलग अलग स्थानों पर रहकर नकली पैसे को चलाने का काम करती हैं। इसकी एक बीबी गंगापुर के मदरसा फैजुर्रनबी व दूसरी बहराइच शहर के जामिया नूरिया मस्जिद में शिक्षक है। जब जिला पुलिस उसे घेरती है तो नूरी बहराइच मदरसे में छिपता है। यही गंगापुर मदरसे के एक कमरे में नकली नोट छापता है। जो शाम को बाजार में या फिर कम रोशनी वाले स्थानों पर चलाता है। गिरोह में बहराइच के थाना पयागपुर के काशी जोत निवासी जमील अहमद, विशेश्वरगंज थाना क्षेत्र के सर्बदी निवासी धर्मराज शुक्ला, रामगांव थाना क्षेत्र के बेगमपुर निवासी रामसेवक व सोनवा थाना क्षेत्र के ककंधू गांव निवासी अवधेश कुमार पांडेय भी शामिल हैं। काशीजोत निवासी जमील अहमद पर पयागपुर थाने में दो आपराधिक मामले दर्ज हैं। जबकि रामसेवक पर बहराइच कोतवाली नगर में दो व नानपारा में एक मामला दर्ज है। अवधेश कुमार पर सोनवा में शस्त्र अधिनियम का एक व मुबारक अली पर गोंडा के खरगूपुर, बहराइच के रुपईडीहा में एक एक व मल्हीपुर में दो आपराधिक मामले दर्ज हैं। एएसपी प्रवीण कुमार यादव ने बताया कि आरोपी मुबारक अली ने यूट्यूब से नकली नोट बनाना सीखा था। नकली नोट बनाने में उच्च कोटि का कागज इस्तेमाल करते थे। जिसे लैपटॉप व प्रिंटर के सहारे निकालते थे। जिसे बाद में कम रोशनी वाले स्थान व कम पढ़े लिखे लोगों, फल सब्जी की दुकानों व ढाबली पर चलाते थे। इस काम में नूरी की पत्नियां भी शामिल थी।

## ट्रेन के शौचालय में फंदे से लटका मिला यात्री

**गाजीपुर**। सैदपुर कोतवाली के स्थानीय रेलवे स्टेशन पर मंगलवार को चौरीचौरा एक्सप्रेस के शौचालय में मजदूर ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। आरपीएफ ने शौचालय का दरवाजा तोड़कर शव कब्जे में लेकर घटना की जानकारी परिजनों को दी। आत्महत्या के पीछे पारिवारिक कलह की बात सामने आ रही है। मृतक के साथियों ने बताया कि वह फोन पर ही अपनी पत्नी से बात कर रहा था और बातचीत करते-करते बाथरूम की तरफ गया था। हो सकता है दोनों में विवाद हुआ हो और उससे नाराज होकर यह कदम उठा लिया। मिर्जापुर जनपद के हलिया थाना के पोखडौल गांव निवासी मजदूर बबलू (22) टैंकर बनाने काम करते थे। वह अपने चाचा समेत आठ साथियों के साथ पनियरा जंक्शन से आ रहा था।

## नए साल के जश्न में रात भर झूमी काशी

### वाराणसी के घाटों और होटलों में मनमोहक रंगारंग कार्यक्रम, क्लब की थीम पार्टी में झूमे युवा

वाराणसी(उत्तरशक्ति)। जनपद में नए साल के स्वागत और बीते साल की विदाई का जश्न जारी है। शहर में आज रातनए साल के स्वागत को लेकरबनास्स, पीएनयू क्लब और छोटे-बड़े होटलों, अपार्टमेंट की सोसाइटी, पॉश कॉलोनियों में जश्न शुरू हो गया। पर्यटकों से खचाखक काशी में गंगा घाट किनारे, सारनाथ, एयरपोर्ट रोडके होटलों की बुकिंग फुल है। अस्सी, दशाश्वमेध के बीच होटलों में कार्यक्रम चल रहे हैं। विनायक प्लाजा, महमूरगंज और सिगरा क्षेत्र के क्लब छावनी क्षेत्र और गंगा किनारे के होटलों में बड़ी संख्या में लोग



जुटे हैं। ब्लैक एंड व्हाइट, हॉलीवुड ग्लैमर, विंटर वंडरलैंड, बॉलीवुड नाइट, ग्लिट्ज एंड ग्लैम जैसी थीम पर उल्लास हो रहा है। उधर, पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल ने नववर्षकी पूर्वसंध्या पर शहर के प्रमुख क्षेत्रों में भ्रमण किया। नव वर्ष पर हुड़दंग करने वालों पर नजर रखें। नशे में धुत होकर वाहन चलाने वालों की चेकिंग करें और कार्रवाई का निर्देश दिया है। काशी साल की आखिरी रात और नये साल के स्वागत के जश्न में डूबा है। बड़े होटलों से लेकर कैफे हर जगह लोग मस्ती कर रहे हैं। कहीं बॉलीवुड एक्ट्रेस व कसीनो नाइट, तो कहीं हाइ वोल्टेज डांस और म्यूजिकल इवेंट का भरपूर तड़का लग रहा है। वरुणा किनारे कैंटोनमेंट के होटल में बाहर से आये बैंडकी प्रस्तुतियों के साथ एन्जॉय करने के साथ लजीज खाने का लुत्फ भी उठाया। युवा देर रात तक कई जगहों पर बड़ी संख्या में एकत्रित होकर नये साल का स्वागत कर रहे हैं। कुछ रेस्ट्रा में सिंगर केशव लाइव प्रस्तुति दे रहे हैं। बैंड के साथ खाने की वैराइटी होटलों में नये साल की स्वागत को लेकर लोगों ने इसे खास बनाने के लिए बैंड और आर्केस्ट्रा बुलाए हैं। सरप्राइज खेल और विजेताओं के लिए कई खास चीजें भी रखी गई हैं। 55-60 से ज्यादा प्रकार की खाने की वैराइटी लगाई गई है। इन होटलों में लोगों की एंटी टिकट के माध्यम से हुई है।

## राजन नाइक ने किया जनरल हॉस्पिटल में अचानक दौरा





वसई। कई दिनों से नालासोपारा प. में जनरल हॉस्पिटल में असुविधा की फरियाद विधायक राजन नाईक को मिल रही थी। इसके अलावा, विधायक ने वसई विरार में नगरपालिका अस्पताल और नागरिकों की समस्याओं के साथ-साथ उपलब्ध सुविधाओं की समीक्षा करने के लिए सुबह लगभग 10:30 बजे नालासोपारा पश्चिम स्थित नगरपालिका सामान्य अस्पताल का अचानक दौरा किया। विधायक र और उनके साथी पदाधिकारियों ने सामान्य अस्पताल के मरीजों से सीधा संवाद किया और उनकी समस्याओं के बारे में जाना। सामान्य अस्पताल खुलने के बाद से ही नागरिकों से शिकायत मिल रही थी कि जो सुविधाएं नागरिकों को मिलनी चाहिए थी वह कुछ हद तक नहीं मिल पा रही है। अस्पताल के प्रमुख डॉ. वाघ से जब पूछा गया कि अस्पताल में डॉक्टर, एक्स-रे मशीन, एनेस्थेसियोलॉजिस्ट, साफ-सफाई, नागरिकों के लिए कैंटीन, स्त्री रोग विशेषज्ञ आदि की कमी है। विधायक ने मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी भक्ति चौधरी से फोन पर समस्या पूछी और कई सुझाव दिये। आगे विधायक ने सलाह दी कि आने वाले मरीजों को कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए और यहां किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी. विधायक राजन नायक ने कहा कि अगर हमारी सेवा में कोई कमी है तो उसे सुधारना हमारा काम है, लेकिन जो भी आये उसे उचित इलाज मिलना चाहिए, वह भी निःशुल्क। विधायक के इस तरह अचानक दौरे से डॉक्टरों और कर्मचारियों की भीड़ देखी गई. विधायक ने राय व्यक्त की कि मनपा प्रशासन को यह सुनिश्चित करने का प्रयास करना चाहिए कि वसई विरार के लोगों को यहीं पर उच्च गुणवत्ता वाला इलाज मिले ताकि मरीजों को इलाज के लिए मुंबई जैसी जगहों पर जाने का समय न मिले। जिला उपाध्यक्ष मनोज बारोट ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हर घटना स्थल के दौरे से वसई विरार में स्वास्थ्य एवं अन्य व्यवस्थाओं में बड़ा बदलाव आएगा और सभी स्तर के विधायकों के ऐसे अचानक दौरे से नागरिकों में विश्वास पैदा हुआ है।

## रक्तदान शिविर के आयोजन में पहुंचकर जनसेवक गोपाल शेट्टी ने रक्तदाताओं को किया सम्मानित



बोरीवली। भारतरत्न पुर्व प्रधानमंत्री अटलबिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी सप्ताह सम्मान समारोह अंतर्गत पूरे उत्तर मुम्बई में विभिन्न सेवाभावी कार्यों की श्रृंखला अंतर्गत बोरीवली में रक्तदान शिविर का विशाल पैमाने पर आयोजन किया गया। भारतीय जनता पार्टी बोरीवली विधान सभा की तरफ से आयोजित इस रक्त दान शिविर में उत्तर मुंबई के पुर्व सांसद गोपाल शेट्टी ने विशेष रूप से उपस्थिति दर्ज कराते हुए आयोजकों और रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया और रक्तदान जैसा महादान भविष्य में भी करते रहने के लिए सभी रक्तदाताओं को प्रेरित किया। प्रार्थनालय, शिंपोली, बोरीवली (पश्चिम ) में सम्पन्न इस रक्तदान शिविर में जनसेवक गोपाल शेट्टी ने सभी रक्त दान करने वाले उत्साही और समाज के प्रति जिम्मेदार नागरिकों को सर्टीफिकेट प्रदान कर उन्हें सम्मानित भी किया। इस अवसर पर जनसेवक गोपाल शेट्टी के साथ बोरीवली भाजपा, उत्तर मुम्बई भाजयुमो के सभी पदाधिकारीऔर जिला के पदाधिकारी उपस्थित रहे।